RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 281 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शुक्रवार 19 अगस्त 2022



पेज -3 पर अब माता-पिता की आवाज पर दे रहे प्रतिक्रिया



आजादी का पर्व स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और बलिदान की याद .... पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

# भीड़ पर बरसीं पुलिस की लाठियां

## खूंटाघाट डैम घूमने पहुंचे थे लोग, वायरल हुआ तो अफसर बोले-समझाने के बाद भी नहीं मान रहे थे

**बिलासपुर.** बिलासपुर में आजादी के अमृत महोत्सव पर पुलिस की लाठी बरसाने का VIDEO सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। 15 अगस्त पर रतनपुर के खूंटाघाट डैम में भारी भीड़ पहुंची थी। सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने की वजह से युवकों की भीड़ वेस्टवियर में बने रेलिंग तक पहुंच गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची और भीड़ को खदेड़ने के लिए डंडे बरसाना शुरू कर दिया। हालांकि पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करने की बात कही है। दरअसल, लगातार हुई बारिश के चलते खूंटाघाट बांध लबालब हो गया है और वेस्ट-वीयर से पानी छलकने लगा है। डैम के ओवर फ्लो होने के बाद यहां घूमने वालों की भीड़ बढ़ गई है। बीते 15 अगस्त को भी यहां पानी के ओवरफ्लो और बाढ़ का नजारा देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ पहु ंच थी। सैलानियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। इसके चलते लोग वेस्ट वियर में बने रेलिंग के ऊपर तक पहुंच गए।





### सुरक्षा के लिए तैनात नहीं थी पुलिस, रेलिंग तक पहुंच गई भीड़

सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को रोकने की कोशिश की, लेकिन भीड़ नहीं मानी। इसके चलते उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और भीड़ को खदेड़ने के लिए लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। अब सोशल मीडिया में पुलिस की लाठी बरसाने का VIDEO जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से शरारती तत्वों को खदेड़ने के लिए हलका बल प्रयोग करना पड़ा।

### 13 अगस्त को हुआ ओवरफ्लो

रतनपुर का खुटाघाट बांध 1930 में बनाया गया है, यह जिले का सबसे बड़ा यह बांध है। पिछले वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में बांध लबालब हो गया था। लेकिन, इस वर्ष सावन में बारिश कम होने के कारण बांध 20 प्रतिशत से कम था। पिछले सप्ताह हुई लगातार बारिश के बाद सावन की विदाई बेला में 13 अगस्त को बांध से पानी छलकने लगा। 15 जुलाई को बांध में 144.87 मिलियन घन मीटर यानी 75.32 फीसदी जलभराव था। 28 दिन में 24.68 फीसदी जलभराव बांध में हुआ है। बता दें कि 192.32 मिलियन घन मीटर क्षमता वाले खूंटाघाट बांध में वर्तमान में 192.32 एमसी-यूएम यानी 100 फीसदी पानी है।

### VIDEO वायरल पर पुलिस की सफाई

**लाठी** बरसाने का VIDEO वायरल होने के बाद पुलिस ने सफाई दी है। एडिशनल SP ग्रामीण रोहित झा ने बताया कि 15 अगस्त को खूंटाघाट डैम में हजारों की संख्या में भीड़ पहुंच गई थी। जहां, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए थे। वेस्ट वियर में नहीं जाने के लिए सभी को हिदायत दी जा रही थी। साथ ही बैरिकेड भी लगाए गए थे, जिसे तोड़ कर शरारती तत्व के लोग वेस्ट वियर में पहुंच गए थे। सुरक्षात्मक दृष्टि से लगातार पुलिस सभी को वहां से हटने के लिए समझाइश दे रही थी, लेकिन लोग नहीं मान रहे थे।



# मुख्यमंत्री से प्रसिद्ध मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने की सौजन्य मुलाकात

## मुख्यमंत्री ने विजेंदर को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 'द जंगल रंबल' में विजयी होने पर बधाई दी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास में देश के प्रसिद्ध मुक्केबाज श्री विजेंदर सिंह ने सौजन्य मुलाकात की । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने गत रात्रि राजधानी रायपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 'द जंगल रंबल' में विजयी होने पर श्री विजेंदर को बधाई एवँ शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें सदा सत्य के मार्ग पर चलने और अन्याय के विरूद्ध खड़े होने का मार्ग दिखाया है। उनकी जीवन-लीलाएं हमें विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने का सही तरीका बताती हैं। उनके द्वारा दी गई सीख जीवन की हर परिस्थिति के लिए प्रासंगिक है।

# आयुर्वेदिक कॉलेज पर 3 लाख जुर्माना

## मान्यता रद्द करने की भी सिफारिश, पूरक परीक्षा के लिए वसूले थे 10-10 हजार रुपए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के खिलाफ बड़ा एक्शन हुआ है। सरकार की प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने कॉलेज पर तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। उसके साथ ही कॉलेज की मान्यता रद्द करने की सिफारिश भी सरकार को भेज दी गई है। आरोप है कि कॉलेज ने पूरक परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के लिए 10-10 हजार रुपए का अतिरिक्त शुल्क जबरन वसूला है।



प्रवेश और फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया, भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग के विद्यार्थियों ने समिति के पास शिकायत की थी। उनका आरोप था, शिक्षण सत्र 2021-2022 में बीएएमएस-प्रथम वर्ष के पूरक परीक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त दस-दस हजार रुपए दबाव पूर्वक लिए गए। शिकायत की जांच के बाद भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय को सुनवाई का अवसर दिया गया। सुनवाई के बाद प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने पाया कि, बीएएमएस-प्रथम वर्ष के पूरक परीक्षार्थियों से संस्था द्वारा अनाधिकृत रूप से अतिरिक्त वसूली की गई है। इससे 27 विद्यार्थी प्रभावित हुए थे। इसके बाद 27 विद्यार्थियों को उनके पैसे लौटाए जाने, संस्था पर तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाने की बात थी। इसके अलावा समिति ने कॉलेज की संबद्धता एवं मान्यता रद्द करने की सिफारिश करते हुए शासन को कार्यवाही के लिए पत्र भेजा है।

# मुख्यमंत्री विश्व आदिवासी दिवस एवं मां मांवली महासभा के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्रीभूपेश बघेल बलौदाबाजार जिले के भाटापारा नगर स्थित रावणभाटा मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस एवं मां मांवली महासभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समाज की महिलाओं ने खुमरी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। श्री बघेल ने सम्मेलन में पटपर भाटापारा नगर में आदिवासी समाज के लिए 2 एकड़ भूमि आरक्षित करने एवं सामाजिक भवन हेतु 50 लाख रूपए स्वीकृति की घोषणा की है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शासकीय हाई स्कूल दंतरेगी का नामकरण स्वर्गीय श्री संतोष ध्रुव एवं शासकीय हाई स्कूल टोनाटार का नामकरण शहीद श्री धनंजय वर्मा के नाम पर करने की घोषणा किए है। इस दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, संसदीय सचिव एवं विधायक सुश्री शकुंतला साहू, अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य श्री गणेश ध्रुव, मंडी अध्यक्ष श्री सुशील शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर, जिलाध्यक्ष श्री हितेंद्र ठाकुर, श्री विद्याभूषण शुक्ला, श्री सुनील महेश्वरी, समाज प्रमुख श्री बंशीलाल नेताम, कलेक्टर श्री रजत बंसल पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा उपस्थित थे।



आदिवासी समाज के सामाजिक भवन हेतु 2 एकड़ भूमि आरक्षित करने एवं भवन निर्माण हेतु 50 लाख रूपए की घोषणा




# रायपुर के सरकारी डेंटल कॉलेज में रैगिंग आधी रात जूनियर छात्रों को लात-घूंसों से पीटा

**रायपुर.** रायपुर के सरकारी डेंटल कॉलेज में छात्रों के साथ रैगिंग हुई है। अब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने रैगिंग करने वाले छात्रों को सस्पेंड किया है। खबर है कि इन्हें हॉस्टल से भी निकाल दिया गया है। कॉलेज में पहले साल के 6 स्टूडेंट्स के साथ ये रैगिंग हुई है। इससे पहले साल 2018 में भी डेंटल कॉलेज में रैगिंग की घटना हो चुकी है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ वीरेंद्र वाढेर ने बताया कि ये घटना 6 अगस्त की देर रात हुई थी। कॉलेज सूत्रों ने बताया कि 6 जूनियर स्टूडेंट्स को सीनियर्स ने आधी रात हॉस्टल से बाहर बुलाकर लाइन से खड़ा कर दिया। धौंस जमाने लगे। एक दो जूनियर छात्रों ने जब विरोध कर दिया तो 3 सीनियर्स ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों से पीटा। हॉस्टल में चिल्लाकर बाकी स्टूडेंट्स को भी धमकाया। करीब 1 से डेढ़ घंटे बवाल चलता रहा। अगले दिन 7 अगस्त को पीड़ित छात्रों ने इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की। प्रिंसिपल वीरेंद्र का दावा है कि उन्होंने उसी दिन तीन छात्रों को हॉस्टल से निकालकर रेस्टीकेट कर दिया। मामला एंटी रैगिंग कमेटी के पास पहुंचा। छात्रों की छुट्टी लगने की वजह से वो 16 अगस्त को लौटे।



# मुख्यमंत्री जन्माष्टमी के दिन राजधानी के 'कृष्ण-कुंज' में पौधरोपण की शुरूआत करेंगे

## शहरी वातावरण को शुद्ध रखने और सांस्कृतिक महत्व के पेड़ों को सहेजने की अनोखी पहल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में विकसित किए जा रहे कृष्ण-कुंज में सांस्कृतिक एवं जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण की शुरूआत करेंगे। श्री बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों में 'कृष्ण कुंज' विकसित किए जा रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के एवं जीवनोपयोगी आम, इमली, बेर, गंगा इमली, जामुन, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू ,चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, गुलर, पलास, अमरूद, सीताफल, बेल, आंवला के वृक्षों का रोपण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को 'कृष्ण-कुंज' विकसित करने के लिए वन विभाग को न्यूनतम एक एकड़ भूमि का आबंटन करने के निर्देश दिए हैं। अब तक राज्य के 162 स्थलों को 'कृष्ण कुंज' के लिए चिन्हांकित कर लिया गया है। वृक्षारोपण की तैयारी भी बड़ी उत्साह के साथ की जा रही है।



# CM भूपेश बघेल बोले- महंगाई आसमान छू रही

**रायपुर.** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। उन्हें वहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होना है। जाने से पहले उन्होंने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। कहा कि यह सरकार लूटने में लगी हुई है। कांग्रेस देश भर में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली है। रायपुर में प्रेस से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पूरे देश में महंगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाने का तेल सारा सामान महंगा है। अब तो जीएसटी पनीर, दही सब में लग रहा है। कुछ बचा ही नहीं है। जब से रेल शुरू हुई है, तब से कभी बंद नहीं की गई, पर यह सरकार कर रही है। वह भी लंबे समय से। पहले प्लेटफार्म, ट्रेन का टिकट बढ़ाए। अब एक साल के बच्चे का भी पूरा टिकट लगेगा। यह सरकार लूटने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की यह बैठक शाम 5.30 बजे से होने वाली है। तय कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली हवाई अड्डे से निकलकर सीधे छत्तीसगढ़ सदन जाएंगे।



**पर्यटन...** छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के निजी निवेशक 05 सितम्बर 2022 तक कर सकते है आवेदन

# छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के 24 मोटल-रिसॉर्ट को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिए जाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के अनुभवी निजी निवेशकों को आमंत्रित कर पर्यटकों को व्यवसायिक दृष्टिकोण से और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।



इसके लिए टूरिज्म बोर्ड अपने मोटल एवं रिसॉर्ट के संचालन के लिए उन्हें 30 वर्षों के लीज पर दिए जाने की कार्यवाही कर रहा है।इसका उद्देश्य ये है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की दिशा को सक्षम गति प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के 24 मोटल- रिसॉर्ट को 30 वर्षों के लिए लीज पर लेने के लिए छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के निजी निवेशक 05 सितम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पूर्व में की गई निविदा के माध्यम से रायगढ़ और सरगुजा में स्थित मोटल के संचालन हेतु सफल निविदाकर्ताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत अधिकतम वित्तीय प्रस्ताव को समिति द्वारा मान्य किया गया है और शीघ्र ही इन इकाईयों का संचालन सफल निविदाकर्ताओं को सौंपा जावेगा। निजी निवेशको द्वारा मितान मोटल, चठिरमा (सरगुजा) के लिए एक मुश्त लीज प्रीमियम राशि 15,07,777 रूपए एवं मितान मोटल, कोड़ातराई (रायगढ़) के लिए एक मुश्त लीज प्रीमियम राशि 25,66,899 रूपए पर 35 प्रतिशत वार्षिक किराया प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगा दी है और इन दोनों मोटल्स के संचालन की प्रक्रिया भी जल्द ही प्रारंभ हो जाएगी। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के इस प्रयास से स्थानीय एवं देश-विदेश के पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की 10 संचालित एवं 14 असंचालित कुल 24 इकाईयों को 30-30 वर्ष की अवधि के लिए द्वितीय चरण की निविदा ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की गई है ।

# मुख्यमंत्री से अमेरिका के मेकआर्थर फाउंडेशन और ग्लोबल मीथेन हब के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवेरे यहां उनके निवास कार्यालय में अमेरिका के मेकआर्थर फाउंडेशन और ग्लोबल मीथेन हब के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल के साथ छत्तीसगढ़ में मीथेन उत्सर्जन को कम करने, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर मेक आर्थर फाउंडेशन के डायरेक्टर क्लाइमेट प्रोग्राम श्री जार्गन थामसन, ग्लोबल मिथेन हब के सीईओ मार्सेलो मीना, स्वनिती इनीशिएटिव सुश्री उमा भट्टाचार्य तथा मुख्यमंत्री के सचिव श्री अंकित आनंद उपस्थित थे।



मीथेन उत्सर्जन कम करने और पर्यावरण संरक्षण पर विचार-विमर्श

# आर्थिक पैकेज और परियोजनाओं पर अधिक तवज्जो की दरकार की खातिर

दक्षिण भारत के छह राज्यों-तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और पुडुचेरी में छह अलग-अलग पार्टियों की सरकारें हैं। उनमें से हरेक का वैचारिक नजरिया कांग्रेस एवं भाजपा को लेकर अलग-अलग है। असल में ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां, चाहे जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस हो या एन रंगास्वामी के नेतृत्व में पुडुचेरी की एनआर कांग्रेस हो, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से अलग हुए समूह हैं। वहीं कर्नाटक और पुडुचेरी में भाजपा की सरकारें हैं।

तमिलनाडु में एम. के. स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक की सरकार है, तो केरल में पी. विजयन के नेतृत्व में माकपा गठबंधन की सरकार है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति की सरकार है। यदि इन दलों के नजरिये का राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जाए, तो राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान करते वक्त ये चारों दल विफल हो गए। दक्षिण भारत के चारों क्षेत्रीय दल श्रीलंका में पहुंचे चीनी जासूसी जहाज वाईडब्ल्यू-5 की जासूसी से सुरक्षा चाहते हैं।

विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष संगठन), कुडमकुलम कोचि बंदरगाह या बंगाल की खाड़ी में तैनात परमाणु पनडुब्बी की चीनी जासूसी पोत से सुरक्षा को लेकर केंद्र को पत्र लिखा है या केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की है। यदि श्रीलंका में संकट आता है, तो शरणार्थियों की समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि प्रतिबंधित चरमपंथी संगठन लिट्टे से सहानुभूति रखने वाले नावों के जरिये आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के बंदरगाहों तक पहुंच सकते हैं।

इन छह राज्यों की सरकारें केंद्र से आर्थिक पैकेज और अतिरिक्त अनुदान के साथ ही अपनी परियोजनाओं पर अधिक तवज्जो चाहती हैं। जबकि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और तेलंगाना में सत्तारूढ़ क्रमशः द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, माकपा और तेलंगाना राष्ट्र समिति नरेंद्र मोदी और भाजपा का विरोध करती हैं। उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले ये पार्टियां मान रही थीं कि भाजपा चुनाव हार जाएगी और इसलिए 2024 में जनादेश विपक्षी दलों के गठबंधन यूपीए के पक्ष में जाएगा। लेकिन ये सारे कयास उत्तर प्रदेश के नतीजे आते ही हवा हो गए।



दक्षिणी राज्यों को केंद्र से उम्मीद

> केंद्र राज्य को धन देने में उदार रहा है, लेकिन कई मुश्किल मुद्दों को हल किया जाना है, खासकर पोलावरम बांध निर्माण और पुनर्वास के मुद्दे, जो राज्य के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जगन तीन राजधानियों के मुद्दे पर केंद्र का समर्थन भी मांग सकते हैं, खासकर इस रिपोर्ट के मद्देनजर कि राज्य अमरावती पर तीन मार्च को उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दे सकता है।

इससे दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं की धारणा भी बदल गई है। मतदाताओं ने समझ लिया कि मोदी-योगी डबल इंजन की सरकार हिंदी प्रदेश में अभेद्य है। ज्यादातर मतदाता 35 वर्ष से कम आयु के हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा डिजिटल बदलाव के प्रति आकर्षित हैं। इसके अलावा कोरोना संकट को अच्छी तरह से संभालने और मोदी के आठ वर्षों के शासन काल में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगने के कारण युवा उनसे ज्यादा प्रभावित हैं। वास्तव में दक्षिण में सत्तारूढ़ क्षेत्रीय पार्टियां वर्ष 2023 के खत्म होने का इंतजार कर रही हैं।

तब तक दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्री खासकर वित्तीय पैकेज के लिए प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद कर रहे हैं। यही मुख्य वजह है कि एम. के. स्टालिन कोई बड़ा राजनीतिक कदम नहीं उठा रहे हैं। यही स्टालिन की द्रमुक है, जिसने मोदी को काला झंडा दिखाया था, हवा में काले गुब्बारे छोड़े थे और यह कहकर उत्तर भारत विरोधी भावनाएं पैदा कर दी थीं कि केवल पानी पूरी वाले ही हिंदी बोलते हैं और उनका रहना कानून-व्यवस्था के लिए खतरा है। हालांकि बाद में स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी को अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के लिए तमिलनाडु आमंत्रित किया। टीआरएस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव प्रधानमंत्री से मिलने के लिए नई दिल्ली में चार दिन रुके, लेकिन अंततः उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। वह मोदी से मिल नहीं पाए। स्टालिन ने कहा कि उनकी पार्टी द्रमुक कभी अपनी मूल विचारधारा से समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने चेन्नई में वीसीके नेता थोल थिरुमावलवन के 60वें जन्मदिन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि द्रमुक कभी छोटी चीजों के लिए भी आरएसएस और भाजपा के साथ समझौता नहीं करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए अपनी दिल्ली यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली हाथ फैलाने और उनकी बातें सुनने के लिए नहीं जा रहा हूं। मैं करुणानिधि का बेटा हूं।

राजगोपालन

## संपादकीय

### रेवड़ियां बांटने की राजनीति

हिंदी की एक कहावत है कि 'अंधा बांटे रेवड़ी, अपने-अपने को देय।' अपने नेताओं ने अपने आचरण से इस कहावत को यों बदल दिया है कि 'अंधा बांटे रेवड़ी, सिर्फ खुद को ही देय।' सिर्फ खुद को फायदा करने के लिए ही आजकल हमारे सत्तारुढ़ दल सरकारी रेवड़ियां बांटते रहते हैं। आजकल देश की लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां थोक वोट बटोरने के लालच में मतदाताओं को तरह-तरह की चीजें उपहार में बांटती रहती हैं। ये ऐसी चीजें हैं, जिनके बिना भी करोड़ों लोग आराम से गुजर-बसर कर सकते हैं।

कई राज्य सरकारों ने अपनी महिला वोटरों को मुफ्त साड़ियां, सोने की चेन, बर्तन, मिक्स-ग्राइंडर और बच्चों को कंप्यूटर, पोषाख, भोजन आदि मुफ्त भेंट किए हैं। कई प्रदेश सरकारों ने मुफ्त साइकिलें भी भेंट में दी हैं। क्या ये सब चीजें जिंदा रहने के लिए बेहद जरुरी हैं? नहीं हैं, फिर भी इन्हें मुफ्त में इसीलिए बांटा जाता है कि सरकारों और नेताओं की छवि बनती है। इसका नतीजा क्या होता है? यह होता है कि हमारी प्रांतीय सरकारें गले-गले तक कर्ज में डूब जाती हैं।

वे डूब जाएं तो डूब जाएं, मुफ्त रेवड़ियां बांटने वाले नेता तो तिर जाते हैं। आजकल हमारी प्रांतीय सरकारें लगभग 15 लाख करोड़ रु. के कर्ज में डूबी हुई हैं। वे रेवड़ियां बांटने में एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए उतावली हो रही हैं। कुछ सरकारों ने तो अपने नागरिकों को बिजली और पानी मुफ्त में देने की घोषणा कर रखी है। महिलाओं के लिए बस-यात्रा मुफ्त कर दी गई है। इसका नतीजा यह है कि हमारी सरकारें देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में बहुत पिछड़ गई हैं।

# राष्ट्रीय पर्व के मौके पर राष्ट्रीयता और भारतीयता की अभिव्यक्ति का जरिया

*राष्ट्रीय पर्व के मौके पर राष्ट्रीयता और भारतीयता की अभिव्यक्ति का जरिया भले ही हिंदी रही हो, लेकिन शायद यह पहला मौका है कि लाल किले के प्राचीर से भारतीय भाषाओं पर गर्व करने की बात की गई हो। नई आर्थिकी और उदारीकरण के विस्तार के दौर में भारतीय भाषाओं की चर्चा प्रगतिशीलता के उलट मानी जाने लगी। कुछ एक भारतीय भाषाएं इसका अपवाद हो सकती हैं। ऐसे मानस से घिरे देश के समक्ष अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले के ऐतिहासिक प्राचीर से भारतीय भाषाओं पर गर्व करने की अपील करते हैं, तो उसे बदलाव के वाहक के तौर पर देखा जाना चाहिए।*

पंद्रह अगस्त के अहम मौके पर प्रधानमंत्री ने नई शिक्षा नीति के संदर्भ में जो बात कही, उस पर एक बार फिर निगाह डालनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि कभी-कभी हमारी प्रतिभा भाषा की बेड़ियों में बंध जाती है। यह गुलाम मानसिकता का परिणाम है। हमें अपने देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए। हम भाषा जानते हों या न जानते हों, लेकिन हमें गर्व होना चाहिए कि यह मेरे देश की भाषा है और यह दुनिया को पूर्वजों द्वारा दी गई भाषा है। यह सही है कि अंग्रेजों ने जिस तरह की शिक्षा व्यवस्था को भारत में विकसित किया, उसका असर आजादी के बाद भी रहा। भले ही गांधी जी बुनियादी तालीम की बात करते रहे, लेकिन मानस विदेशी ही बना रहा। हमारी सोच पर गुलाम मानसिकता हावी रही। इसका दैनंदिन जीवन में असर भी दिखा। अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों को जिंदगी के तमाम मोर्चों पर भारतीय



भाषाओं को लेकर बदल रहा है मानस

> साठ के दशक में लोहिया की अगुआई में अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चला। उसका मकसद अंग्रेजी से ज्यादा अंग्रेजी मानसिकता को हटाना रहा। लेकिन दुर्भाग्यवश वह हिंदी बनाम अंग्रेजी में तब्दील हो गया और कतिपय राजनीतिक तंत्र के अंग्रेजी भक्तों ने धीमे से इसे हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाओं का रूप दे दिया।

भाषाएं जानने-बूझने वालों की तुलना में ऊंचा रसूख हासिल होता रहा। इसी वजह से हमने खुद को मापने के लिए अपने पारंपरिक तरीके और मानक तक छोड़ दिए। हम दुनिया के नजरिये से ही अपने को भी मापने-तौलने लगे। साठ के दशक में लोहिया की अगुआई में अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चला। उसका मकसद अंग्रेजी से ज्यादा अंग्रेजी मानसिकता को हटाना रहा। लेकिन दुर्भाग्यवश वह हिंदी बनाम अंग्रेजी में तब्दील हो गया और कतिपय राजनीतिक तंत्र के अंग्रेजी भक्तों ने धीमे से इसे हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाओं का रूप दे दिया। इससे वह आंदोलन सफल नहीं हो पाया और भारतीय भाषाओं की बनिस्बत अंग्रेजी चिरकाल के लिए भारतीय उच्च मानस के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गई। इसकी वजह से राजनीतिक वर्ग भी इस सवाल को छेड़ने से बचने लगा। ऐसे माहौल में अगर प्रधानमंत्री भारतीय भाषाओं में सोचने वाली भारतीय मनीषा को प्रोत्साहित करने की बात करते हैं तो उसका स्वागत ही होना चाहिए। यह भी सच है कि जिस आर्थिकी ने भारतीय भाषाओं की तुलना में अंग्रेजी की ताकत और ज्यादा बढ़ाई, अब वही आर्थिकी भारतीय भाषाओं की क्षमता को और गहराई से समझने लगी है। यही वजह है कि अब पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी भारतीय त्योहारों पर भारतीय भाषाओं में भारतीयों को संबोधित करने लगे हैं। भारत के 76वें स्वाधीनता दिवस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रो का हिंदी में ट्वीट इसी बदलाव का उदाहरण है।

ट्वीट के जरिये भारतीयों को बधाई देते हुए उन्होंने लिखा है, प्रिय भारतवासियो, स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाइयां! आप जब पिछले 75 वर्षों में भारत की शानदार उपलब्धियों का गर्व से जश्न मना रहे हैं, आप भरोसा कर सकते हैं कि फ्रांस हमेशा आपका साथ देगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति अकेली पश्चिमी शख्सियत नहीं रहे, जिन्होंने हिंदी में भारतीयों को बधाई दी।

इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी हिंदी में ही ट्वीट करके अपना शुभकामना संदेश दिया। पीटरसन ने लिखा, 75वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं..भारत गर्व करो...आप सभी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं।

उमेश चतुर्वेदी

## मिला जुला

# कॉर्नियल ब्लाइंडनेस फ्री स्टेट के लिए फिर शुरू हुई मुहिम

### कोरोना महामारी के बाद फिर से नेत्रदान करने और करवाने पर जोर

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

**छत्तीसगढ़ को दृष्टिहीनता मुक्त राज्य बनाने की दिशा में नई पहल की जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से एक बार फिर से कॉर्नियल ब्लाइंडनेस फ्री स्टेट कॉर्निया अंधापन मुक्त राज्यद्ध के लिए मुहिम शुरू की गई है।**

कोरोना महामारी की वजह से इस योजना की गति धीमी हो गई थी। जिसे पुनः तेजी से शुरू किया जा रहा है। इसके लिए एक ओर जहां राज्य में कार्नियल ट्रांसप्लांट सेंटरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर दूसरे राज्यों से कार्निया मंगवाने के लिए अब विशेष अनुदान भी दिया जाएगा। साथ ही आंखों की विभिन्न समस्याओं वाले मरीजों को भी जिला स्तर पर बेहतर जांच और उपचार उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में संचालक महामारी नियंत्रण सह राज्य कार्यक्रम अधिकारी अंधत्व निवारण, डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया लगातार आंखों से जुड़े रोग और समस्याओं के मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं। कॉर्निया में सफेदी की वजह से जो व्यक्ति दृष्टिहीन है उनका अंधत्व दूर करने के लिए शासन प्रयास कर रहा है। इसलिए कॉर्नियल ब्लाइंडनेस फ्ी स्टेट कॉर्निया अंधापन मुक्त राज्यद्ध योजना शुरू की गई जिसकोपुनः गति प्रदान करने का प्रयास शुरू किया जा रहा है। इसके लिए नेत्र सहायको, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, एएनएम एवं मितानिन को प्रशिक्षित कर लोगों में नेत्रदान को बढ़ावा देने और कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए जागरूकता लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। संपूर्ण अंधेपन के शिकार व्यक्तियों की खोज राज्य को

**दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में कार्निया मंगवाने के लिए विशेष अनुदान स्वीकृत**

अंधापन मुक्त राज्य बनाने के लिए कॉर्नियल ब्लाइंडनेस फ्री स्टेट कॉर्निया अंधापन मुक्त राज्य की योजना 2019 शुरू की गई है कोविड महामारी की वजह से यह कार्य लगभग बंद सा हो गया था। जिसे पुनः गति प्रदान करने का प्रयास शुरु किया गया है। योजना के तहत संपूर्ण अंधेपन के शिकार व्यक्तियों की खोज की जा रही है। सरकारी और निजी आई बैंकों को दान में मिले कॉर्निया जरूरतमंद लोगों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा। यानी मृत व्यक्तियों के परिजन की काउंसिलिंग कर नेत्रदान कराने के लिए काउंसलर नियुक्ति किए गए हैं। जो लोगों के अंधकार भरे जीवन में रोशनी की नई किरण लेकर आएगा। हालांकि छत्तीसगढ़ में रोजाना हो रही मृत्यु के अनुपात में कम नेत्रदान होते हैं जो चिंता का विषय हैए इसे लेकर जागरूकता अभियान भी सभी जिलों में चलाया जा रहा है। बढ़ाए जा रहे कॉर्निया ट्रांसप्लांट सेंटर. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार योजना के तहत पूर्व में राज्य में सरकारी और निजी मिलाकर कुल 7 कॉर्निया ट्रांसप्लांट सेंटर थे। इनकी संख्या बढ़कर अब 9 हो गई है। हाल ही में शंकरा आई हॉस्पिटल एवं ओम नेत्रालय में भी उपरोक्त सेंटर खोला गया है ताकि जरूरतमंद मरीजों को आंखों की रोशनी दी जा सके। छत्तीसगढ़ को ही सिर्फ अनुदान डॉ. मिश्रा के अनुसार कॉर्निया प्रत्यारोपण के लिए दूसरे राज्यों से कॉर्निया मंगवाने के लिए विशेष अनुदान की व्यवस्था की गई है। इसके लिए देश में सिर्फछत्तीसगढ़ को ही बाहर से कॉर्निया मंगवाने के लिए 6,000 रूपए की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जरूरत पड़ने पर यह राशि दूसरे राज्यों से कॉर्निया लाकर मरीजों को लगाने पर उपरोक्त संस्थान को दिया जाएगा।

**नेत्रदान के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक**

***एक नेत्रदान से दो लोगों की आंखों को रोशनी दी जा सकती है। इसलिए नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। नेत्रदान के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2022-2023 में जुलाई तक 56 नेत्रदान हुए हैं। वहीं वर्ष 2019.2020 में 362, वर्ष 2020-2021 में 3 तथा 2021-2022 में 100 नेत्रदान हुए हैं।***

# शिक्षकों की कमी को लेकर आप ने किया जिला शिक्षाधिकारी का घेराव



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक जैन, विधानसभा अध्यक्ष संजय यादव ने कमारडेश, जोरातराई के ग्रामीणों के साथ शिक्षकों की मांग हेतु जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि आम आदमी पार्टी का गांव-गांव में ग्राम प्रोफाइल भरने का अभियान चल रहा है। जिसमें ग्राम कमारडेरा, जरातराई के ग्रामीणों ने अपने गांव के स्कूल, नवीन प्राथमिक शाला में पिछले दो साल से एक ही शिक्षक होने की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि स्कूल के पांच कक्षाओं की एक ही शिक्षक पिछले दो साल से पढ़ा रहे हैं विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। आम आदमी पार्टी ने इसे गंभीरता से ग्रामीण और पालकों के साथ मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव किया। शिक्षकों की मांग हेतु जापन सौंपने वालों में जय यादव, कादिर चौहान, अंगेश्वर यादव ग्राम कमारडेश के ढालू राम नेताम, डिशेश्वर यादव, ईश्वर निषाद, हेमंत कुमार, तेजराम यादव, सदाराम दीवान, ललीतराम यादव, घसियाराम यादव, ललतूराम, जनकलोधी, नरेन्द्र ध्रुव, नीलाबाई, पूजा निषाद, मोहनलाल मोंगरे, चंद्रिका मोंगरे, बूधेराम नागवंशी आदि शामिल रहे।

# पटना पहुंचे लालू को नीतीश कुमार ने भेंट किया गुलाब

**राजद** सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव दिल्ली से बुधवार को पटना पहुंचे। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी के आवास पर आरजेडी सुप्रीमो से मुलने पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच बिहार में महागठबंधन की नई सरकार बनने के बाद ये पहली मुलाकात है। मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने लालू यादव को गुलाब का फूल भेंट के तौर पर दिया।

लालू यादव और नीतीश कुमार की मुलाकाता की फोटो डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शेयर की है। इस दौरान तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, मीसा भारती और विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने दोनों नेताओं के बीच की मुलाकात की तस्वीरें अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की है।



**हटाना है, मोदी को हटाना है- लालू यादव**

इससे पहले दिल्ली में लालू प्रसाद यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा था। साथ ही उन्होंने अपने बयान में बिहार के कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के खिलाफ जारी वारंट की बात को गलत करार दिया था। लालू यादव ने कहा, 'तानाशाह सरकार को हटाना है। हटाना है, मोदी को हटाना है।' वहीं, जब लालू यादव से पूछा गया कि सुशील मोदी ने आरोप लगाया है कि आरजेडी कोटे से बिहार में कानून मंत्री बने कार्तिकेय सिंह अपहरण के मामले में वारंटी हैं। इस पर लालू यादव ने कहा, 'छोड़िए सुशील मोदी क्या बोलता है, उस पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है।

# लघु वनोपज संघ का चुनाव अब 27 अगस्त को

### पूर्व अध्यक्ष हितेश चंद्राकर फिर से मैदान में

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिला लघु वनोपज सहकारी संघ महासमुंद के संचालक मण्डल के चुनाव की घोषणा होने के बाद कल कुल 23 लोगों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।**

इनमें 5 पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है जबकि, एक पद अनुसूचित जातिए 3 पद अनुसूचित जनजाति और 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। निर्वाचन अधिकारी ओपी कोसरिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी दीवान वर्षा ने बताया कि संचालक मण्डल सदस्य के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में सरगुना भाठा से मनोरंजन बरिहा, खैरटकला से माधोराम, नवागांव से मोहनलाल, सांकरा से पिताम्बर विश्वकर्मा, भिथीडीह से नारायण, सेनभाठा शैलेंद्र दीवानए छिन्दौली से लोभनो, खुसरूपाली से हितेश चंद्राकर, द्वारकला से भूखन और ग्राम रजपालपुर के निराकार शामिल है। उल्लेखनीय है कि उक्त चुनाव एक माह पूर्व ही संपन्न हो जाना था। लेकिन निर्वाचन अधिकारी का स्वास्थ्य नामांकन दाखिले के दिन ही अचानक बिगड़ जाने से चुनाव की तिथि आगे बढ़ाई गई थी।

**मतदान, मतगणना और परिणाम की घोषणा 27 को**

75 सदस्यीय जिला वनोपज सहकारी समिति के लिए संचालक के 10 पदों पर निर्वाचन होगा। इसमें 15 पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। 1 पद अनुसूचित जाति, 3 अनुसूचित जनजाति और 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। नामांकन पश्चात प्रत्याशियों की नामांकन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कल 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की



संवीक्षा की जाएगी। बाद 19 अगस्त को प्रत्याशियों की फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा और 27 अगस्त को दोपहर 12 से 3 बजे तक मतदान और एक घंटे बाद मतगणना होगी।

# अब माता-पिता की आवाज पर दे रहे प्रतिक्रिया

## चिरायु योजना के तहत बच्चों को मिला श्रवण यंत्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

पिता नरेंद्र और माता मेनु बंजारे बहुत खुश हैं क्योंकि उनकी आवाज अब उनके बच्चों के कानों में पहुंचने लगी है और उनके तीनों बच्चे अब उनकी आवाज पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नरेंद्र और मेनु बंजारे के तीनों बच्चे जन्म से ही ठीक से सुन नहीं सकते थे।





बड़ा बेटा तो पास से गुजरने वाले ट्रक की आवाज भी नही सुनता था। नरेंद्र ने बताया कृष 16 वर्ष, प्रतिभा 14, और यांबिका 7, को जब श्रवण यंत्र मिला तो तीनों बच्चों ने हाथ का इशारा कर बताया की आवाज आने लगी है। रायपुर जिले के ग्राम धुसेरा, अभनपुर निवासी नरेंद्र ने बताया वह तीनों बच्चों के साथ ग्राम और ग्राम के आसपास लगने वाला कोई भी ऐसा स्वास्थ्य शिविर नहीं था जहां वह न गया हो। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण नियमित रूप से इलाज नहीं करवाया। भगवान की नियति ऐसी की तीनों बच्चे सुनने में असमर्थ थे और पैसे के अभाव में परेशानी और बढ़ गई। फिर चिरायु की टीम अभनपुर आई और नरेन्द्र के तीनों बच्चों की जांच की और बताया कि बच्चे को जिला अस्पताल, पंडरी में ले जाकर कान की जांच करवानी होगी उसके बाद इसका नियमित इलाज किया जाएगा। जिला अस्पताल में तीनों बच्चों के कान की जांच की गई और तीनों बच्चों को श्रवण यंत्र निशुल्क दिए गए। अब मेरे बच्चे मेरी आवाज पर मुस्कुराते हैं और बोलने का भी प्रयास भी करते हैं।

जिले में चिरायु योजना के तहत कान की समस्या से जूझ रहे बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान किए जा रहे है। चिरायु योजना का उद्देश्य बच्चों में होने वाली बीमारियों को समय रहते पहचान करना एवं उन्हें उपचार के लिए पहुंचाना है।

### सुनने के बाद ही करेंगे बोलने की कोशिश

नरेंद्र का कहना है। डॉक्टरों ने बताया है कि बच्चे सुनेंगे तो बोलने का प्रयास भी करेंगे। पहले इनको सुनाई नहीं पड़ता था तो यह बोल नहीं पाते थे। लेकिन अब यह बोलने का प्रयास करेंगे जल्दी आप इनकी आवाज भी सुन सकेंगे। श्रवण यंत्र वितरण की जानकारी देते हुए खुशबू भुआर्य ऑडियोलॉजिस्ट ने बताया जिले में चिरायु टीम द्वारा 150 बच्चों का चिन्हांकन किया गया है। अब तक 38 लोगों की जांच की जा चुकी है। साथ ही 4 बच्चों को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया है। इन बच्चों को सुनने में परेशानी थी। जिले में जिलाधीश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर श्रवण बाधित बच्चों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क श्रवण यंत्र एवं सर्टिफि केट प्रदाय कर उचित परामर्श प्रदाय किया जा रहा है। श्रवण यंत्र वितरण के अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.पीके गुप्ता, कान,नाक,गला विभाग के डॉ.शुभा राव सक्सेना, डॉ.एसके भंडारी विशेषज्ञ कान,नाक,गला, एवं डॉण्नीरज ओझा अस्पताल सलाहकार मौजूद रहे।

### चिरायु योजना क्या है

चिरायु योजना छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य योजना है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु योजना को 6 अगस्त 2014 से सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में लॉन्च किया गया था। इसके बाद इससे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए लॉन्च किया गया। योजना के अंतर्गत 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चे में कोई बीमारी पाई जाती है तो उसका निशुल्क इलाज किया जाता है। बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए चिरायु टीम अलग-अलग जगह पर जाकर जांच करती है।

### चिरायु योजना का उद्देश्य

कई बच्चे जन्म से ही कुछ बीमारियों के साथ पैदा होते हैंए कुछ अन्य किसी कारण से गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते हैं। उचित उपचार न मिलने से बीमारियां उनके शरीर में धीरे-धीरे बढ़ती जाती हैं और गंभीर रूप ले लेती हैं। इस योजना का उद्देश्य बच्चों की बीमारी को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ठीक करना है। योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी, स्कूल और अन्य स्थानों पर चिरायु टीम द्वारा जांच केंद्र स्थापित कर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है।

### छत्तीसगढ़ की चिरायु योजना का लाभ

*योजना के तहत चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा यह स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चों की स्क्रीनिंग हेतु जांच केंद्र लगाए जाते हैं। बच्चों की फ्री स्क्रीनिंग की जाती है जिसमें आंख से कम दिखाई देना, कानों से कम सुनाई देना, विटामिन की कमी, एनीमिया, हृदय रोग, जैसी बीमारियों की पहचान कर उनका इलाज किया जाता है। कोई बच्चा गंभीर स्थिति में है तो उसे टीम द्वारा तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल भेज दिया जाता है।*

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाया राजीव गांधी जन्मोत्सव



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला कार्यालय परिसर में आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश वर्मा ने ने अपराह्न 4:30 बजे जिला कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए अधिकारी-कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य, हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ दिलाई। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस 20 अगस्त को प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण सद्भावना दिवस की शपथ का कार्यक्रम 18 अगस्त को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में मनाया गया। इसी प्रकार जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जनपद पंचायत, कृषि विभाग, उद्यानिकी, पीएचई, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों में भी अधिकारी-कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर शपथ ली।

# संतान की लम्बी उम्र के लिए माताओं ने निर्जला रखा कमरछठ का व्रत



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम जैतपुरी में संतान की लम्बी उम्र के लिए माताएं कमरछठ व्रत रख कर कमरछठ पर्व मनाया गया। बता दें कि आज के दिन महिलाएं छ: प्रकार की भाजियां, पसहर चावल का उपयोग करती है जिसमें हल का उपयोग ना किया गया हो। काशी फूल, महुये के फल, पत्ते, धान की लाई भैंसे का दूध, दही सहित पूजन सामग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान की लम्बी आयु के लिए कामना करती है। कमरछठ त्यौहार छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहारों में एक है। इस व्रत को रखने वाली माताएं निर्जला व्रत रहकर शिव पार्वती की पूजा अर्चना करती है। साथ ही सगरी बनाकर सारी रस्में निभाई जाती हैं। वही कमरछठ की कहानियों सुनकर शाम को डूबते सूर्य को अर्ज देकर अपना व्रत खोलती हैं। कमरछठ की पूजा के लिए गली मोहल्ले में सँगरी तालाब बनाकर उसे फूल पत्तों से सजाया जाता है। जिसके बाद शिव पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की कहानी है कि जब कंस ने देवकी के सात बच्चों को मार दिया था तब देवकी ने कमरछठ माता का व्रत रखा गया तब कृष्ण का जन्म हुआ था। माना जाता है कि उस समय से कमरछठ मनाने का चलन शुरू हुआ। जिसमे मुख्य रूप से यादव पारा की महिलाएं देव यादव के दुकान शिव मंदिर के सामने में पूजा अर्चना की गई।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर गोटुलमुण्डा में हुई लघु धान्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित

समूह की महिलाओं ने खुद बनाया शेड,

**कांकेर** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम गोटुलमुण्डा में लघु धान्य प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना की गई है। प्रसंस्करण केन्द्र के लिए स्व-सहायता समूह की महिलों द्वारा शेड का निर्माण किया गया तथा कोदो एवं रागी के प्रसंस्करण का कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे समूह की महिलाओं को अब तक लगभग 06 लाख रूपये की आमदनी हो चुकी है। इस लघु धान्य प्रसंस्करण केन्द्र से लगभग 350 कृषक जुड़े हुए हैं, जो कोदो, कुटकी, रागी का उत्पादन करते हैं। महिला समूह द्वारा लघु धान्य प्रसंस्करण इकाई के लिए किसानों से 38 रूपये प्रति किलो की दर से रागी खरीदा जा रहा है, जबकि शासन द्वारा रागी का समर्थन मूल्य 33 रूपये निर्धारित की गई है। कोदो को 25 रूपये प्रति किलो की दर से किसानो से खरीदा जाता है तथा प्रसंस्करण पश्चात उसे 70 रूपये प्रति किलो की दर से विक्रय किया जाता है। इसी प्रकार रागी को 50 रूपये प्रति किलो की दर से बेचा जाता है।

कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने बुधवार को लघु धान्य प्रोसेसिंग इकाई गोटुलमुण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा स्व-सहायता समूह से जुडी महिलाओं से बातचीत कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से उन्हे आर्थिक आमदनी हो रही है तथा उनके जीवन में बदलाव आया है। प्रसंस्कृति कोदो एवं रागी को पूरक पोषण आहार के लिए ऑगनबाड़ी केन्द्रों को सप्लाई की जाती है, साथ ही दुर्ग की कम्पनी द्वारा भी खरीदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहॉ पर मिनी राईस मिल की स्थापना भी की जावेगी।

### बुरगी नाला में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पखांजूर तहसील के ग्राम बुरगी निवासी 26 वर्षीय मिथुन कोवाची की बुरगी नाला में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन श्रीमती सविता कोवाची के लिए चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार पखांजूर के माध्यम से हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर से भुगतान किया जायेगा।

### सद्भावना दिवस : आज ली जाएगी सद्भावना दिवस की शपथ

**कोरबा** । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रुप में मनाया जाएगा। 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण 18 अगस्त को सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सद्भावना दिवस की शपथ शाम 4:30 बजे ली जाएगी। सद्भावना दिवस का उद्देश्य सभी धर्मो, भाषाओं और क्षेत्र के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की भावना जगाने और हिंसा का विचार छोड़ कर लोगों के बीच आपसी सद्भाव को बढ़ाना है।

सद्भावना दिवस के अवसर पर जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषाई भेदभाव से रहित होकर भारत के लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने का संकल्प लेंगे। इस सद्भावना दिवस के अवसर पर जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी प्रकार के मतभेदों को बिना हिंसा के बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने का संकल्प लिया जाएगा।

### विशेष शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन 29 तक आमंत्रित

**कोरबा** । समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखण्ड स्तर के छह पदों पर तीन माह के लिए विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। विशेष शिक्षक (स्पेशल एजुकेटर) की भर्ती के लिए 29 अगस्त 2022 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में जिला परियोजना कर्यालय समग्र शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला कोरबा के नाम से मंगाये गये है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए पिथौरा पुलिस के 2 आरक्षक सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



15 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के साथ ही 76 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय में 76 वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महासमुंद सहित बागबाहरा, बसना, पिथौरा और सरायपाली तहसील के पुलिस सहित विभिन्न विभागों के लगभग 180 अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया इसमें पिथौरा थाना के दो पुलिस आरक्षक उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया गया है। जिसमें पुलिस आरक्षक मिहिर बीसी सूचना संकलन के जरिए थाना परिक्षेत्र गतिविधियों को त्वरित जानकारी हेतु एवं आरक्षक इंदल दीवान वारंट कार्य का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल वह जिले के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

# नागरिकों की सुविधा के लिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ना हो देरी : डॉ. अलंग

**कोरबा** । बिलासपुर के संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने अनुविभाग पाली का दौरा कर एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। डॉ. अलंग ने पाली के एसडीएम-तहसीलदार कार्यालय और हरदीबाजार के तहसील कार्यालय में पहुंचकर राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने कलेक्टर संजीव झा की मौजूदगी में राजस्व संबंधी विभिन्न दस्तावेजों और पंजियों का अवलोकन किया। उन्होने चालू और नस्तीबध्द पुराने प्रकरणों को निकलवाकर केस निपटारे की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। डॉ. अलंग ने पाली एसडीएम और तहसील कार्यालयों में भू अर्जन, नक्शा बटांकन, सीमांकन, डायवर्सन, अर्थदण्ड आदि पंजियों को दो महीने के भीतर अद्यतन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही हरदीबजार तहसील कार्यालय में अपूर्ण पंजियों को एक महीने के भीतर अपडेट करने के निर्देश दिये।

# नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन ने ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



नागरिकसुरक्षा सेवा सन्गठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह आरती सिंह के निर्देशों के परिपालन करते हुए प्रदेश कार्यकरी अध्यक्ष मयंक जैसवाल प्रदेश विधिक सलाहकार मयंक जैन के मार्गदर्शन में, जिला अध्यक्ष जैनुल आब्दीन के नेतृत्व में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जैनुल आब्दीन, शाहिल कुमार, प्रकाश चंद्रा, ओमकार सिंह, मो.नौशाद, विनोद चौरसिया, राम भजन, शामिल रहे और साथ ही हर साल की तरह हमारे सन्गठन तिरंगा सम्मान और घर-घर तिरंगा जो कि अपने पूजा के स्थान, अपने इबादत की जगह,प्रेयर स्थल, एवं हमारे पवित्र जगहों पर हम अपने राष्ट्रीय ध्वज को भी सहसम्मान के साथ स्थान दें जय हिंद नागरिक सुरक्षा सेवा सन्गठन देश हित कार्यो के लिए हमेशा तत्पर्य मिलेगी।

# नेशनल हाईवे-53 में फिर हुआ हादसा, एक की मौत, 8 घायल 2 की हालत गंभीर

## आगे जा रही मेटाडोर को पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





जिले से होकर गुजरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 मे लहरौद पिथौरा के समीप अंडर ब्रिज के उपर बिजली विभाग की एक वाहन को पीछे से आ रही ट्रक द्वारा टक्कर मार देने से बिजली विभाग की वाहन में सवार ठेकेदार के एक मजदूर की मौत हो गई। तथा 8 लोग घायल हो गये। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। जिन्हे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की सुबह सराईपाली से विद्युत कार्य करने राजनांदगांव जा रहे मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 एमके 3222 को पिछे से आ ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में मेटाडोर सवार यशवंत सिदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि शेष 8 लोगों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल पिथौरा में दाखिल कराया गया है। घायलों में ओमप्रकाश मार्को 28 एवं ललित चौहान 32 वर्ष की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। शेष घायलों में अर्जुन, राजेश, प्रकाश, ललित, ईश्वर, धनकुमार शामिल है। ज्ञातव्य है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में दुर्घटनाओं का आंकडा काफ ी बढ़ गया है। शासन और प्रशासन द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक पहल किये जाने की आवश्यकता है।

# आजादी का पर्व स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और बलिदान की याद दिलाता- योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने ग्राम भिम्भौरी व करामाल में ध्वजारोहण किया। प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



तिरंगा यात्रा में समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, वत्सला संस्था से ज्योति सिंघानिया, बहन शशि दीदी आदि उपस्थित थे। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारे लगाए। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि यह दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और स्वतंत्रता प्राप्त करने में उनके द्वारा बलिदान किए गए जीवन की याद दिलाता है। हमारे वीरों ने जिस दर्द से वह मुश्किल समय व्यतीत किया है। वह हमें याद दिलाता है कि आज हम जिस आज़ादी का आनंद ले रहे हैं। वह लाखों लोगों का खून बहाकर हासिल की है। यह भारत के प्रत्येक नागरिक के अंदर देशभक्ति की भावना को भी जगाता है। यह वर्तमान पीढ़ी को उस समय के लोगों के संघर्षों को करीब से समझती है और उन्हें भारत के स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित कराती है। स्वतंत्रता दिवस लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा करता है। यह लोगों को एकजुट करता है और उन्हें यह महसूस कराता है कि हम एक राष्ट्र हैं।

### *अनेकता में एकता भारत का सारतत्व और शक्ति है*

तिरंगा यात्रा के दौरान किसान नेता ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से सभी वर्ग के लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। अनेकता में एकता भारत का प्रमुख सारतत्व और शक्ति है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हैं। जहां सत्ता आम आदमी के हाथ में है। हर साल 15 अगस्त को हम उस दिन को मनाते हैं जब हम एक स्वतंत्र राष्ट्र बन गए। जिसका अर्थ है कि हम खुद पर शासन करने के लिए स्वतंत्र थे और किसी और के द्वारा शासित नहीं थे।

### आयोजन में भारी तादात में ग्रामीण रहे उपस्थित

**ग्राम भिम्भौरी में राकेश परगनिहा, खेमलाल पाटिल,विजय धीवर, लखन चक्रधारी, संतोष पाटिल, रामाअवतार पाटिल, सोहन पाटिल, सनत वर्मा, प्रवीण पाटिल,विक्रम पाटिल, राजेंद्र पाटिल, निहाल परगनिहा अंशु पाटिल,पीलाराम सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, सेवक यादव, मेघनाथ सिन्हा, प्रेमलाल पाडें, तुला राम साहू, शुभम सिन्हा, कन्हैया बारले, बलराम वर्मा उपस्थित थे।**

## कृषि महाविद्यालय में मौसमी फल ड्रेगन फ्रूट का उत्पादन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में मौसमी फ ल ड्रेगन फ्रूट का उत्पादन किया जा रहा है। यह नागफनी प्रजाती का फल है जिसे हिन्दी में पिताया या कमलम कहा जाता है। दक्षिण अमेरिकी उत्पत्ति वाला यह फल कृषि महाविद्यालय में जोधपुर से मंगाया गया था। जिसे अब 8 वर्ष हो चुका है और यह फल सतत् 3 वर्षों से उत्पादन दे रहा है। कृषि महाविद्यालय में इस फल की रेड डिलिसियस प्रजाति को लगाया गया है। यह फ ल विभिन्न पौष्टिक तत्वों जैसे फेनोलिब एसिड, एस्कार्बिक एसिड, फ इबर और एंटी ऑक्सीडेंट से भरपुर है जिसके कारण यह इम्युनिटी बढ़ाने एवं डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद करता है। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा इस ड्रेगन फरूट के स्वाद को पसंद किया गया है। कृषि महाविद्यालय में लगाई गई यह लाल रंग की प्रजाति अपने मीठे सुगंध, एरोमा एवं मिठास के कारण इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ.गिरिश चंदेल द्वारा भी सराहा गया है। इसके साथ-साथ बेमेतरा जिले के जिलाधीश जितेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा भी इस फल की सराहना की गई है। इसके उत्पादन से संबंधित मुख्य बात यह है कि नागफनी प्रजाति का होने के कारण इसे पथरीली एवं सुखे क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। कृषि महाविद्यालय ढोलिया भी इसी तरह के भूमि में ड्रेगन फरूट के अनुसंधान में सफल रहा है।

## आल्टो कार में एक लाख का अंग्रेजी शराब जप्त

फरार आरोपी की पतासाजी जारी, थाना झगराखांड पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल भापुसे जिला कोरिया छ.ग. द्वारा जिले में निजात अभियान के तहत अवैध नशीली पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा अवैध कृत्यों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के परिपालन में 18 अगस्त 2022 को अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन पर मुखबीर के सूचना पर राजनगर मप्र की ओर से सफेद रंग के आल्टो वाहन क्रमांक एमपी 17 सीवी 2161 में काफ ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब विक्रय हेतु राजनगर मप्र से बीसीम कॉलरी खोगापानी होते हुए नई लेदरी पाराडोल मेन रोड से पराडोल की ओर जाने की सूचना पर गवाहानों हमराह स्टाफ के मौके पर रवाना होकर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी किया गया। जो नई लदेरी चौक में मौहाडा दफ ाई लेदरी की ओर से मुखबीर द्वारा बताया गया सफेद रंग के आल्टो वाहन कमांक एमपी0 17 सीबी 2161 आता हुआ दिखाई दियाए जिसे समक्ष गवाहान स्टाफ के रोका गया। जो आल्टो वाहन चालक द्वारा आल्टो वाहन का गति कुछ धीमा किया गयाए उसके बाद जैसे ही वाहन के करीब आये तो आल्टो वाहन चालक द्वारा वाहन को काफी तेज गति से चलाते हुए पाराडोल की ओर भागने लगाए जिसे हमराह स्टाफके दौडाया गया जो आल्टो वाहन क्रमांक एमपी 17 सीवी 2161 का चालक आल्टो वाहन को नई लेदरी हाट बाजार मेन रोड में छोड़कर भाग गयाए उक्त वाहन को गवाहों के समक्ष चेक कर तलाशी लिया गया जो वाहन में कुल 09 कार्टून में 01 अंग्रेजी शराब मेक डावल कंपनी का 02 पेटी जिसमें 01 पेटी में 12 बोतल, कुल 24 बोतल 02, अंग्रेजी शराब मेक डावल का 04 पेटी शराब जिसके 01 पेटी में 48 पाव शराब, कुल 192 पाव अंग्रेजी शराब 03 अंग्रेजी शराब आरएस का 03 पेटी शराब जिसके 01 पेटी में 48 पाव अंग्रेजी शराब, कुल 144 पाव अंग्रेजी शराब, कुल जुमला अवैध अंग्रेजी शराब की मात्रा 78.480 लीटर, जुमला कीमती 1,03,488 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त की गई पुरानी आल्टो वाहन कमांक एमपी 17 सीवी 2161 कीमती 2,00000 रुपये को मौके पर गवाहों के समक्ष बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। बाद उपस्थित गवाहों के समक्ष अवैध अंग्रेजी शराब सील बंद कर तथा आल्टो कार को मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आल्टो वाहन क्रमांक एमपी 17 सीबी 2161 के चालक द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर अपराध धारा 34 ;2, आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के फ रार आरोपी का पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाता है सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजकुमार घृतलहरे, थाना प्रभारी झगराखांड एवं सउनि रघुनाथ सिंह मरावीए आरक्षक 421 समीर राय, अरक्षक 212 नीरज पढियार, आरक्षक 422 दीप नारायण तिवारी, आरक्षक 338 निर्भय नारायण सिंह, आरक्षक 489 अमित सिंह, आरक्षक 64 प्रेमलाल साहू सैनिक 197 रोहित सिंह, सैनिक 316 उमाशंकर मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### ग्राम मौहाभाठा में गाजरघास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कुमारी देवी चौबे शासकीय कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मोहगांव साजा में रावे के छात्र-छात्राओं द्वारा 16 अगस्त तक गाजरघास उन्मूलन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बीएससी कृषि आनर्स चतुर्थ वर्ष के ;रावेद्ध छात्र.छात्राओं के द्वारा गांव में फैले गाजरघास का उन्मूलन किया गया तथा साथ ही इसके हानिकारक प्रभाव व रोकथाम के बारे में गांव के लोगों को अवगत कराया गया। गाजरघास के लगातार संपर्क में आने से डर्मेटाइटिस, एलर्जी, बुखार व दमा आदि बिमारी का खतरा बना रहता है तथा इसको खाने से पशुओं में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते है। इसका उन्मूलन भौतिक, रासायनिक एवं जैविक विधि से किया जा सकता है। गाजरघास के नियंत्रण के लिए ग्लाइफोसेट खरपतनाशी दवा को जल में घोलकर फ ूल आने से पहले छिड़काव कर देना चाहिए व चरोटा, गेंदा जैसे कुछ पौधो की बुआई मानसून से पहले करने पर गाजरघास ग्रसित क्षेत्र का प्रसारण कम होता है। इस कार्यक्रम में डॉ. हेमन्त कुमार जागड़े एवं डॉ. रेवेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे।

### तीन थाना क्षेत्रों में चोरों की धमक डीजल, छड़ व मोटरसाइकिल पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के तीन थानों के चौकी क्षेत्र में चोरी की तीन अलग.अलग घटनाओं में अज्ञात चोर द्वारा डीजल, लोहे की छड़ और मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफताजी राते हिंद की धारा 379 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कोमाखान थाना के टूहलु चौंकी अंतर्गत ग्राम सेनभाठा निवासी किसान गजानंद साहू ने अपनी शिकायत में बताया है किए अज्ञात चोर द्वारा उसके बारे में खडी ट्रैक्टर रइब से 15-16 अगस्त की दरम्यानी रात को 100 लीटर डीजल चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। तुमगांव पुलिस द्वारा जिला मुंगेली, थाना पथरिया के ग्राम सिलतरा निवासी शिवनंदन पिता चौतुराम साहू की रिपोर्ट अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। शिवनंदन के अनुसार वह बजरंग पावर टीएमटी गोपाल सरिया कंपनी उरला बोरझरा रायपुर में काम करता है। विगत 4 अगस्त को वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एचएफ डीलक्स सीजी 04 एनपी 0372 में अपने मित्र रामेश्वर यादव के साथ सावन मेला देखने शिरपुर आया हुआ था। शाम 7 बजे अंग्रेजी शराब दुकान के सामने सड़क किनारे अपनी गाड़ी खड़ी कर शराब लेने चला गया। गाड़ी की चाबी गाड़ी में ही थी। जब वापस लौटा तो उसकी गाड़ी किसी ने पार कर दी थी। इसकी रिपोर्ट सिरपुर चौकी में किए जाने के बाद तुमगांव पुलिस द्वारा अपराध कायम किया गया है। एक अन्य वाक्ये में जिले के तेंदू कोना थाने में बुंदेली चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहदा की सरपंच बीना बाई सोना ने 6 किवंटल लोहे की छड़ चोरी हो जाने की रिपोर्ट लिखाई है। बताई है किए पंचायत के आश्रित ग्राम कोटनदादर में गौठान निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण स्थल पर वर्मी टंकी शेड निर्माण के लिए 730 किलो छड़ खरीद कर रखा गया था जिसमें से 600 किलो छड़ अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। छड़ चोरी की जानकारी से पंचायत विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### कलेक्टर ने किया डांगरा गौठान का निरीक्षण

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डांगरा स्थित गौठान का निरीक्षण किया तथा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों से बातचीत कर उनके आर्थिक गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। समूह की सक्रिय सदस्य श्रीमती भारती तमेर ने बताया गया कि गौठान में अब तक 175 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कर विक्रय किया जा चुका है तथा मुर्गी पालन एवं बकरी पालन के अलावा मछली पालन का कार्य भी किया जा रहा है। मछली पालन से उन्हें 19 हजार रूपये की आमदनी हो चुकी है, वर्तमान में गौठान में केले की खेती की जा रही है।

## शिक्षा के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने आश्रम-छात्रावासों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर

1 महीने से भी कम समय में लगभग 4 हजार बच्चों को जारी हुए हेल्थ कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में 12 चिरायु दलों के द्वारा आश्रम-छात्रावासों में लगातार शिविर के माध्यम से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ईलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिक्षा के साथ ही साथ बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 27 जुलाई से जारी चिरायु शिविर में अब तक 112 आश्रम-छात्रावासों में से 88 में शिविर आयोजित कर 3 हजार 999 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 926 बच्चों का इलाज किया गया। टीम द्वारा जरूरतमन्द 87 बच्चों को उचित इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्रों में रिफर भी किया गया है। चिरायु टीम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों में भी 4112 बच्चों को मिली स्वास्थ्य सुविधा चिरायु टीम के द्वारा आश्रम छात्रावासों के साथ ही साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में भी शिविर का आयोजन कर बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया जा रहा है। 31 आंगनबाड़ी केंद्रों के 930 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 123 का इलाज तथा 03 बच्चों को रिफर किया गया है। वहीं अब तक जिले के प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई स्कूल के 3 हजार 182 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 476 का इलाज किया गया तथा 52 बच्चों को इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र में रिफर किया गया है।

## कलेक्टर ने किया जाड़ेकुर्से के खण्डी नदी में बने एनीकट का निरीक्षण

फसलों को बचाने कार्य योजना बनाने दिये निर्देश

**कांकेर** । दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम जाड़ेकुर्से में खण्डी नदी में निर्मित एनीकट में जल भराव के कारण 10 से 12 किसानों के धान के फसल को नुकसान होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने ग्रामीणों के साथ बुधवार को एनीकट का निरीक्षण किया तथा भविष्य में ग्रामीणों के खेत एवं फसल प्रभावित न हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाने के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्राम के निवासी गोवर्धन जैन का मकान बारिश के कारण क्षतिग्रस्त पाये जाने पर उनके परिवार को सुरक्षित स्थान में ले जाने और आर.बी.सी 6-4 के तहत् मुआवजा प्रकरण बनाने के लिए तहसीलदार एवं एसडीएम को निर्देशित किया गया।

## तहसील स्तरीय फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर प्रशिक्षण सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

कार्यालय तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सीतापुर के मार्गदर्शन में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 प्रशिक्षण जनपद पंचायत भवन के सभाकक्ष में आयोजित हुई।



सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसील स्तरीय प्रशिक्षण या कार्यशाला में बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अभिहित अधिकारियों ने फ ोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त किए। तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ रोहित कुमार बरगाह एवं शिव भरोसा बेक द्वारा मतदाता संबंधित फ ार्म 6, प्रारूप 6 ख, प्रारूप 8 के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए। प्रशिक्षण के दौरान शासकीय श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओ को जिसकी आयु 18 वर्ष 1 जनवरी 2023 को पुर्ण करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय स्तर पर भी कैम्प लगाकर प्रारूप 6 नए मतदाता के लिए और मतदाता परिचय पत्र को आधार नंबर से लिंक करने जारूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही गरुड़ ऐप एवं वोटर हेल्पलाइन के संबंध में शांता राम द्वारा टेक्निकल जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में सभी बीएलओ ने फार्म 6 ;ख के द्वारा मतदाता परिचय पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के संबंध में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस प्रशिक्षण में तहसीलदार सीतापुर, प्रेम गुप्ता ब्लॉक परियोजना अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ली गई सद्भावना दिवस की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर 18 अगस्त 2022 दिन गुरूवार को शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा परिसर में कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेद सुलझाने की प्रतिज्ञा ली। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने अधिकारी कर्मचारियों को सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा दिलाई। प्रतिज्ञा में कहा गया है कि श्मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भातरवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी। ज्ञात हो कि राज्य शासन के निर्देश पर 19 एवं 20 अगस्त 2022 को शासकीय अवकाश होने के कारण आज गुरूवार को यह शपथ ली गई। तथा एसडीओपी कार्यालय व समस्त थाना/चौकी, अजाक, महिला सेल एवं रक्षित केन्द्र बेमेतरा में भी अधिकारी कर्मचारियों को सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर डीएसपी राजेश कुमार झाए सउनि अ,प्रदीप देशमुख, अजय देवांगन, संतोष सोनवानी, प्रवीण लोहले, प्रधान आरक्षक सुरज भान सिंह, ताम्रध्वज देशमुख कन्हैया लाल शर्मा सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in